दिन– गुरुवार                                                                 दिनांक– 12 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                 अवधिः– 15 मिनट

---

01. रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के लिए नये नियमों की घोषणा की। पहली जुलाई से आधार सत्यापन अनिवार्य।

02. केन्द्र सरकार ने घरेलू बाजार में कच्चे खाद्य तेल की कीमत कम करने के लिए सीमा–शुल्क बीस से घटाकर दस प्रतिशत किया।

03. प्रदेश की जेलों में कैदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पटना, मुजफ्फरपुर और बक्सर केंद्रीय कारा में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज दक्षिण बिहार में अधिकतर भागों में उष्ण दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के लिए नये नियमों की घोषणा की है। पहली जुलाई से केवल वे लोग ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाईन तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के साथ अपना खाता प्रमाणित किया है। पन्द्रह जुलाई से यह नियम कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण केंद्रों से तत्काल टिकट बुक कराने पर भी लागू होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि यात्रियों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए यह फैसला किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कच्चे खाद्य तेल पर सीमा–शुल्क को बीस से घटाकर दस प्रतिशत कर दिया है। इनमें सूरजमुखी, सोयाबीन और ताड़ के तेल भी शामिल हैं। इससे कच्चे तेल और रिफाइंड तेल पर आयात शुल्क का अंतर आठ दशमलव सात–पांच प्रतिशत से उन्नीस दशमलव दो–पांच प्रतिशत के बीच रह गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि सीमा–शुल्क में कमी का उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों को कम करना है। इससे घरेलू रिफाइनिंग को प्रोत्साहन और किसानों को उचित मूल्य मिलेगा।

———————————————————————

प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। फिलहाल पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इस परियोजना की शुरुआत पटना के बेऊर स्थित आदर्श

केंद्रीय कारा, मुजफ्फरपुर के शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा और बक्सर केंद्रीय कारा में की जा रही है। इन तीन केंद्रीय काराओं के एक सौ सोलह बंदियों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने पटना के बेऊर केंद्रीय कारा में इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह पहल बंदियों के पुर्नवास में सहायक होगी। कारा में पहले से बंद कंप्यूटर में दक्ष कैदियों का भी उपयोग प्रशिक्षण देने में किया जाएगा। इस योजना के लिए राज्य सरकार ने दो करोड़ पच्चीस लाख रुपये का निवेश किया है। इसके तहत इकतालीस काराओं में आधुनिक कंप्यूटर लैब स्थापित किए जा रहे हैं।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महागठबंधन समन्वक समिति की बैठक आज पटना में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बैठक बिहार में महागठबंधन के औपचारिक गठन के बाद यह चौथी बैठक है। इस बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर साझा रणनीति बनाए जाने और सीटों के बंटवारे पर चर्चा की संभावना है। बैठक में गठबंधन के सभी घटक दल कांग्रेस, भाकपा माले, सीपीआई, सीपीएम और वीआईपी के नेता शामिल होंगे।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कई स्तरों पर तैयारी शुरू कर दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान वाले साठ बूथों की पहचान की गयी है। इन बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। मतदान को लेकर त्योहारों, मेलों, जनसभाओं और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोगों को मतदान की महत्ता बताने के साथ मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव में कम से कम छियासठ प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया है।

———————————————————————————

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की भावना से अनुप्राणित भारत में पिछले एक दशक में बड़े बदलाव हुए हैं। पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों से हुए बदलाव के बारे में, आकाशवाणी से विशेष फीचर का प्रसारण किया जा रहा है। आज इस कड़ी में चर्चा आर्थिक परिवर्तन की संवाहक नारी शक्ति पर।

———कट———

———————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग, यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो हजार पच्चीस का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें चौदह हजार एक सौ इकसठ अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुये हैं। पच्चीस मई को आयोजित इस परीक्षा में दस लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुये थे।

———————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, आज दक्षिण बिहार में अधिकांश स्थानों पर उष्ण दिवस रहने की सम्भावना है।

———बाइट———

———————————————————————

आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने प्रदेश में बाढ़ पूर्व तैयारियों को लेकर समीक्षा की। श्री मंडल ने जिलाधिकारियों को राहत तथा बचाव कार्यों में लगने वाले समय में सुधार करने का निर्देश दिया है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में श्री मंडल ने प्रतिवर्ष बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी और अररिया समेत सोलह जिलों के जिलाधिकारियों को बाढ़ पूर्व तैयारी पूरी करने का निर्देश दिये हैं। बैठक में विभागीय अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने भी नदियों के जलस्तर, कटाव और तटबंधों की नियमित निगरानी के निर्देश दिये।

———————————————————————

मध्य पटना में विद्युत आपूर्ति करने वाले करबिगहिया और मीठापुर ग्रिड में कल रात तकनीकी गड़बड़ी आने से इससे जुड़े तेरह विद्युत शक्ति उपकेन्द्र से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। वर्तमान में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रभावित क्षेत्रों कंकड़बाग, अशोक नगर, राजेन्द्र नगर और एतवारपुर समेत कई क्षेत्रों में रोटेशन कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है। ग्रिड की गड़बड़ी दूर होने तक इमरजेंसी रेस्टोरेशन सिस्टम का निर्माण कर ग्रिड की आपूर्ति सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार आज दोपहर तक विद्युत आपूर्ति सामान्य होने की सम्भावना है।

———————————————————————

राजधानी पटना में कोविड के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एनएमसीएच के एक स्वास्थ्य कर्मी समेत सात नये मरीजों की पुष्टि हुई। कोविड संक्रमितों की संख्या सड़सठ हो गयी है। सिविल सर्जन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें से तीस पूरी तरह स्वस्थ्य हो चुके हैं।

————————————————————————————————

आज विश्व बालश्रम निषेध दिवस है। बच्चों के शोषण संबंधी मुद्दों पर चर्चा और उन्हें रोकने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है– प्रगति स्पष्ट है, लेकिन अभी बहुत कुछ करना शेष है– प्रयासों को तेज करें। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन तथा संयुक्त राष्ट्र बाल कोष की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष दो हजार चौबीस में लगभग तेरह करोड़ अस्सी लाख बाल श्रमिक थे। इनमें से लगभग पांच करोड़ चालीस लाख बच्चे ऐसे खतरनाक कामों में लगे हुए थे जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और विकास के प्रतिकूल है। इस अवसर पर देश और प्रदेश में लोगों को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक करने के लिए विभिन्न संस्थाओं की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि एक समृद्ध और संवेदनशील बिहार की नींव तभी रखी जा सकती है, जब सभी मिलकर बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में सहभागी बनें और हर बच्चे को उनका हक दिलाएं। वहीं, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने भी हर बच्चे को उसका अधिकार दिलाने के प्रति प्रतिबद्धता जतायी है।

————————————————————————————————

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

मधुबनी के झंझारपुर में पिछले चौबीस अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के लिए प्रतिनियुक्त समस्तीपुर के वरीय उप समाहर्ता अभिराम कुमार को ड्यूटी से गायब रहने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

————————————————————————————————

अररिया नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थों की खरीद–बिक्री के मामले में एक महिला समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मादक पदार्थ स्मैक के साथ–साथ कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गए।

————————————————————————————————

सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा–छपरा पुल पर बिहार पुलिस की बस और बालू लदे ट्रक की आमने–सामने टक्कर में बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस के सत्रह जवान घायल हो गए।

———————————————————————————————

वैशाली जिले के सहदेई थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। वहीं, पटना के अटल पथ पर वाहन जांच कर रहे तीन पुलिसकर्मियों को एक अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक महिला पुलिसकर्मी की मौत हो गयी।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– बिहार में दो हजार बदमाशों की अवैध सम्पति जब्त होगी।

राजधानी पटना की बेहतर होगी यातायात व्यवस्था पर दैनिक जागरण ने लिखा है– बिहार के पहले डबल डेकर फ्लाईओवर का लोकार्पण।

दैनिक भास्कर ने मौसम की खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– सता रही गर्मी, मॉनसून के लिए करना होगा इंतजार।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पटना के मीठापुर ग्रिड में गैस लीक होने से आधी राजधानी में पूरी रात गुल रही बिजली।

आज अखबर लिखता है– छह हजार तीन सौ नब्बे शिक्षकों ने लिया तबादले का आवेदन वापस।

राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– अब आधार वाले ही करा सकेंगे तत्काल रेल टिकट बुक।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के लिए नये नियमों की घोषणा की। पहली जुलाई से आधार सत्यापन अनिवार्य।

02. केन्द्र सरकार ने घरेलू बाजार में कच्चे खाद्य तेल की कीमत कम करने के लिए सीमा–शुल्क बीस से घटाकर दस प्रतिशत किया।

03. प्रदेश की जेलों में कैदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पटना, मुजफ्फरपुर और बक्सर केंद्रीय कारा में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू।

04. और, प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर भीषण गर्मी और उमस का प्रकोप जारी। मौसम विभाग ने आज दक्षिण बिहार में अधिकतर भागों में उष्ण दिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।